Hind Atma

Date: 24/12/2021

आईटीएस डेंटल कॉलेज में बेसिक लाईफ सपोर्ट पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)। सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर में गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी 21 से 23 दिसंबर तक एक संजीवन क्रिया (बेसिक लाईफ सपोर्ट) एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संजीवन क्रिया एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों का प्रशिक्षण सभी बीडीएस,मेडिकल और पैरामेडिकल छात्रों के लिए अनिवार्य है। संस्थान ने छात्रों एवं दंत चिकित्सकों के उत्तम स्वास्थ्य प्रशिक्षण हेतु अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन किया। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन बेसिक लाईफ सपोर्ट देने के लिए विश्व विख्यात है। कार्यशाला में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के सहयोग से दंत चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों को बेसिक लाईफ सपोर्ट एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के कार्यकारी अधिकारियों ने प्रत्येक दंत चिकित्सक एवं छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत प्रशिक्षण दिया। इसी के साथ उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं की परीक्षा भी ली, जिसमें सभी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए इस प्रशिक्षण को हार्ट संबंधी आपात स्थिति और अन्य चिकित्सा स्थितियों में मरीजों के जीवन की रक्षा एवं अकस्मात मृत्यु से बचाने के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा। कार्यक्रम के अन्त मे आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा तथा संस्थान के डायरेक्टर पीजी कोर्सेज, डॉ श्रीनाथ ठाकुर एवं प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने नियमित अभ्यास में बेसिक लाईफ सपोर्ट ट्रेनिंग का उपयोग करने की सलाह दी,ताकि मरीजों और समाज को अच्छी गुणवत्ता वाली सेवाएं दी जा सकें।

Vartman Satta

Date: 24/12/2021

आईटीएस डेंटल कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

वर्तमान सत्ता

मुरादनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए आई0टी0एस0 डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में गत वर्षो के भाँति दिनांक 21 दिसंबर से 23 दिसंबर, 2021 तक एक संजीवन क्रिया (बेसिक लाईफ सपोर्ट) एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संजीवन क्रिया एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों का प्रशिक्षण सभी बी0डी0एस0, मेडिकल और पैरामेडिकल छात्रों के लिए अनिवार्य है। संस्थान ने छात्रों एवं दंत चिकित्सकों के उत्तम स्वास्थ्य प्रशिक्षण हेतु अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन करवाया। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन बेसिक लाईफ सपोर्ट देने के लिए विश्व विख्यात है। कार्यशाला में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के सहयोग से दंत चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों को बेसिक लाईफ सपोर्ट एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के कार्यकारी अधिकारियों ने प्रत्येक दंत चिकित्सक एवं छात्र–छात्राओं को व्यक्तिगत प्रशिक्षण दिया। इसी के साथ उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं की परीक्षा भी ली जिसमें सभी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए। इस प्रशिक्षण को हार्ट संबंधी आपात स्थिति और अन्य चिकित्सा स्थितियों में मरीजों के जीवन की रक्षा एवं अकस्मात मृत्यु से बचाने के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा।

अन्त मे आई0टी0एस0 – द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आर0पी0 चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा तथा संस्थान के डायरेक्टर–पी0जी0 कोर्सेज, डॉ0 श्रीनाथ ठाकुर एवं प्रधानाचार्य, डॉ0 देवी चरण शेट्टी ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने नियमित अभ्यास में बेसिक लाईफ सर्पोट ट्रेनिंग का उपयोग करने की सलाह दी ताकि मरीजों और समाज को अच्छी गुणवत्ता वाली सेवाएं दी जा सकें।